Daily Current Affairs 13 March 2022

किसी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर लो आप उसमें current affairs बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं अभ्यार्थियों के लिए daily current affairs in Hindi 2022 बहुत महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध हुआ है। डेली करंट अफेयर्स एक ऐसा विषय है जो हर पल चेंज होता है कहने का मतलब है। कि उसमें हमेशा कुछ ना कुछ नया जुड़ता रहता है। तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको हम डेली करंट अफेयर्स 2022 उपलब्ध करवाएंगे जो आपके सपने साकार करने में मदद करेगा।

1. तमिलनाडु में भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना का किया गया उद्घाटन
हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने डेढ़ सौ करोड रुपए की लागत से निर्मित भारत के सबसे बड़े तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया है।
देश के अग्रणी उवरक निर्माता सदर्न पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री कॉरपोरेशन लिमिटेड ने तमिलनाडु के थूथुकुड़ी मैं डेढ़ सौ करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक फ्लोटिंग सौर परियोजना स्थापित की है।

2. गुजरात के पाल दाधवाव हत्याकांड को 100 साल हुए पूरे
7 मार्च 2022 को पाल दाधवाव हत्याकांड के 100 साल पूरे हुए हैं।
गुजरात सरकार नेपाल दाधवाव नरसंहार को जलियांवाला बाग से भी बड़ा नरसहार बताया गया है। नरसंहार कि शताब्दी पर गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति ने इस घटना को वर्ष 1919 की जलियांवाला बाग हत्याकांड से भी अधिक रूट बताया है।

3. 11 मार्च को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का मनाया गया 37 वें स्थापना दिवस।
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 11 मार्च 2022 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 37 स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया गया है। अमित शाह एनसीआरबी के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने वाले देश के पहले केंद्रीय गृह मंत्री है।
राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो:-
एनसीआरबी की स्थापना केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 1986 में इस उद्देश्य से की गई थी कि भारतीय पुलिस में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस तंत्र को सूचना प्रौद्योगिकी समाधान और अपराधिक गुप्त सूचनाएं प्रदान करके समर्थ बनाया जा सके।

4. अजय भूषण पांडे बने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण के अध्यक्ष।
हाल ही में अजय भूषण पांडे को राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महाराष्ट्र से 1984 कैलेंडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पांडे

Daily Current Affairs 13 March 2022

पिछले वर्ष फरवरी में राजस्व सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। यह नियुक्ति 3 साल की अवधि या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए होगी।

5. 10 मार्च को बनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस
प्रतिवर्ष 10 मार्च को राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस मनाया जाता है वर्ष 2021 में राष्ट्र संयुक्त राष्ट्रीय महासभा के संकल्प 75/274 द्वारा 10 मार्च को राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के रूप में नामित किया गया भारत इस प्रस्ताव करने वाले देशों में शामिल था जिसे कतर द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

6. विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली महिला खिलाड़ी बनी झूलन गोस्वामी।
भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने महिला विश्व कप में सर्वाधिक 39 विकेट के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर लीन फुलस्टोन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अपने करियर का पांचवां विश्व कप खेल रही है जलन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विकेट कीपर कैटी माटिन को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की है।

7. यून सुक योल बने दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति।
दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति चुनाव में यून सुक योल ने जीत हासिल की है। 61 वर्षीय युन निवर्तमान राष्ट्रपति मून जै इन का स्थान लेंगे।

8. कर्नाटक सरकार ने विमेन वर्क कार्यक्रम किया शुरू।
कर्नाटक सरकार ने महिला दिवस के अवसर पर आवश्यक रोजगार योग्य कौशल वाली महिलाओं ने वर्ष 2026 के वित्तीय 500000 नौकरी प्रदान करने के लिए विमेन वर्क कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य मेला कार्यबल को आकर्षित करने के लिए कॉर्पोरेट कार्यक्रम के प्रयासों पर ध्यान देंगे।

9. इंडियन आर्मी की मिसाइल पाकिस्तान में 124 किलोमीटर अंदर गिरी ।
भारतीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार 9 मार्च 2022 को भारत की एक मिसाइल पाकिस्तान के इलाके में 124 किलोमीटर अंदर गिरी थी डिफेंस मिनिस्ट्री ने 11 मार्च 2022 को जारी बयान से कहा यह घटना एक्सीडेंटल फायरिंग की वजह से हुई है।

10. एमपी में शुरू हुआ पहला ड्रोन स्कूल सीएम शिवराज ने किया ग्वालियर में शुभारंभ।
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 मार्च 2022 को ग्वालियर में प्रदेश के पहले ड्रोन स्कूल का शुभारंभ किया है।
इस स्कूल में ड्रोन नियंत्रण एवं तकनीक का परीक्षण के दिया जाएगा इसका उद्देश्य युवाओं को ड्रोन तकनीक क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने से है। ग्वालियर सहित इसे मध्य प्रदेश के इंदौर जबलपुर भोपाल तथा सतना में भी स्थापित किया जाएगा।

Daily Current Affairs 13 March 2022

इस पोस्ट के माध्यम से आपको latest current affair in hindi की जानकारी दी है। जो भी आज के महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का एक ही जगह संग्रह उपलब्ध करवाया है। आप किसी भी एग्जाम की तैयारी कर लो उसमें आपको बेहद उपयोगी साबित होगा।
आपको इसकी डेली करंट अफेयर्स की पीडीएफ फाइल भी डाउनलोड कर सकते हो। तो उम्मीद है दोस्तों आज का current affairs आपको पसंद आया होगा।